सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-150**
26/03/2018

बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड, बिहार स्टेट हाउसिंग बोर्ड एवं बिहार स्टेट मिल्क कॉपरेटिव फेडरेशन ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया अंशदान

पटना 26 मार्च, 2018 :– विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री के कार्यालय कक्ष में आज बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम लिमिटेड की ओर से प्रधान सचिव गृह श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री के0एस0 द्विवेदी, अध्यक्ष बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम सह पुलिस महानिदेशक श्री सुनील कुमार ने एक करोड़ 25 लाख रूपये का चेक मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये सौंपा।

बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड एवं बिहार स्टेट हाउसिंग बोर्ड की तरफ से नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री सुरेश शर्मा, विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा, प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास श्री चैतन्य प्रसाद एवं प्रबंध निदेशक बिहार स्टेट हाउसिंग बोर्ड श्री अमरेन्द्र कुमार सिंह ने क्रमशः दो करोड़ एवं एक करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये सौंपा।

बिहार स्टेट मिल्क कॉपरेटिव फेडरेशन (कम्फेड) की तरफ से प्रबंध निदेशक श्रीमती एन0 विजयलक्ष्मी ने तीन करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये सौंपा।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये सभी को धन्यवाद दिया तथा उनके इस सामाजिक पहल की सराहना की।

******